भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न** संख्या- 3767

उत्तर देने की तारीख-24/03/2025

**उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान**

**3767. श्री अरुण कुमार सागर:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) कार्यान्वित किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त अभियान की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए आवंटित निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान आवंटित निधि के उपयोग का ब्यौरा क्या है तथा इसके अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या राज्यवार कितनी है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (घ): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग उत्तर प्रदेश राज्य और उसके लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, शाहजहांपुर सहित देश में स्कूली शिक्षा के लिए एक एकीकृत केन्द्र प्रायोजित योजना - समग्र शिक्षा को कार्यान्वित कर रहा है, जिसमें सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) और शिक्षक शिक्षा (टीई) की तीन पूर्ववर्ती केन्द्र प्रायोजित योजनाएं सम्मिलित हैं। समग्र शिक्षा प्री-प्राइमरी से बारहवीं कक्षा तक विभाजन के बिना, स्कूल शिक्षा को समग्र रूप से प्रबंध करती है और इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की सिफारिशों के अनुरूप बनाया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बच्चों को एक समान और समावेशी कक्षा वातावरण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो, जिसमें उनकी विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी आवश्यकताओं, विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं का ध्यान रखा जाए और उन्हें अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाया जाए।

समग्र शिक्षा के अंतर्गत, बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के कार्यान्वयन के लिए बच्चों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश सहित राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। समग्र शिक्षा के मानदंडों के अनुसार, राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा वार्षिक योजनाएं उनकी

आवश्यकताओं/प्राथमिकता के अनुसार तैयार की जाती हैं और यह उनके संबंधित वार्षिक कार्य योजना और बजट (एडब्ल्यूपी एंड बी) प्रस्तावों में परिलक्षित होती है। इसके बाद इन योजनाओं का मूल्यांकन और अनुमोदन स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग में परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के परामर्श से किया जाता है, जो योजना के कार्यक्रम संबंधी और वित्तीय मानदंडों और पहले से अनुमोदित उपायों के लिए राज्य की वास्तविक और वित्तीय प्रगति के अनुसार होता है।

विगत तीन वर्षों 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान आवंटित धनराशि (प्रस्तावित केंद्र द्वारा जारी धनराशि), आवंटित धनराशि के उपयोग (केंद्र द्वारा जारी धनराशि) के साथ-साथ लाभार्थियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्रमशः **अनुलग्नक I, II, III** में दिया गया है। चालू वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित धनराशि (प्रस्तावित केंद्र द्वारा जारी धनराशि), आवंटित धनराशि के उपयोग (केंद्र द्वारा जारी धनराशि) का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक IV** में दिया गया है।

*****

**अनुलग्नक I**

**"उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री अरुण कुमार सागर द्वारा दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3767 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान आवंटित धनराशि, आवंटित धनराशि का उपयोग तथा लाभार्थियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **प्रस्तावित केंद्र द्वारा जारी धनराशि(₹ लाख में)** | **पीएफएमएस के अनुसार केंद्र द्वारा जारी धनराशि (₹ लाख में)** | **नामांकन (स्रोत यूडाइज+)** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **सरकारी स्कूल** | **सरकारी सहायता** |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 5637.45 | 3152.32 | 51168 | 1891 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 134853.54 | 68301.36 | 4696207 | 211692 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 44215.86 | 27996.24 | 233908 | 20860 |
| 4 | असम | 197702.88 | 156156.40 | 5277671 | 381954 |
| 5 | बिहार | 382755.00 | 340608.45 | 21989445 | 197306 |
| 6 | चंडीगढ़ | 10024.09 | 10804.09 | 165156 | 8800 |
| 7 | छत्तीसगढ | 88790.33 | 33236.78 | 4262053 | 74249 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली दमन और | 6740.66 | 2092.45 | 91026 | 7109 |
| 9 | दिल्ली | 31521.05 | 14588.04 | 2796676 | 150909 |
| 10 | गोवा | 1861 | 1102.19 | 42932 | 222937 |
| 11 | गुजरात | 100974.38 | 89375.71 | 5570875 | 1814425 |
| 12 | हरियाणा | 82538.73 | 51709.18 | 2602484 | 9146 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 58166.16 | 31910.05 | 900749 | 0 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 132021.74 | 87398.83 | 1473368 | 209 |
| 15 | झारखंड | 90018 | 85897.13 | 5242868 | 315854 |
| 16 | कर्नाटक | 70761.11 | 47451.63 | 5445989 | 1492350 |
| 17 | केरल | 25221.99 | 22512.79 | 1862020 | 2828548 |
| 18 | लद्दाख | 9999.72 | 5717.55 | 29312 | 718 |
| 19 | लक्षद्वीप | 573.33 | 216.15 | 13586 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 294630.92 | 229279.75 | 9429734 | 111896 |
| 21 | महाराष्ट्र | 101370.47 | 69302.88 | 5853094 | 10238929 |
| 22 | मणिपुर | 37042.52 | 18250.19 | 216636 | 30452 |
| 23 | मेघालय | 30584.23 | 27171.38 | 477232 | 384856 |
| 24 | मिजोरम | 22559.99 | 17968.14 | 143345 | 22096 |
| 25 | नागालैंड | 21808.76 | 13734.16 | 170219 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 145334.43 | 123807.39 | 5255198 | 858901 |
| 27 | पुदुचेरी | 1514 | 1397.54 | 97368 | 24198 |
| 28 | पंजाब | 54353.29 | 50127.01 | 3090436 | 191635 |
| 29 | राजस्थान | 273019.53 | 240582.13 | 9912280 | 0 |
| 30 | सिक्किम | 12249.29 | 10012.46 | 84411 | 3971 |
| 31 | तमिलनाडु | 164996.07 | 159882.18 | 5314845 | 2239360 |
| 32 | तेलंगाना | 88061.36 | 55327.91 | 3303699 | 90601 |
| 33 | त्रिपुरा | 31820.19 | 22692.81 | 542892 | 26799 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 512311.24 | 204497.10 | 19056651 | 4886841 |
| 35 | उत्तराखंड | 67262.62 | 32083.60 | 980808 | 156815 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 133877.32 | 130974.48 | 16564139 | 33150 |
| | **कुल** | **3467173.25** | **2487318.45** | **143240480** | **27039457** |

**अनुलग्नक II**

**"उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री अरुण कुमार सागर द्वारा दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3767 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान आवंटित धनराशि, आवंटित धनराशि का उपयोग तथा लाभार्थियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | प्रस्तावित केंद्र द्वारा जारी धनराशि (₹ लाख में) | पीएफएमएस के अनुसार केंद्र द्वारा जारी धनराशि (₹ लाख में) | नामांकन (स्रोत यूडीआईएसई+) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सरकारी स्कूल | सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 7402.1 | 5651.44 | 52059 | 1895 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 171258.59 | 150359.02 | 4256013 | 162899 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 53369.59 | 25229.47 | 205522 | 21500 |
| 4 | असम | 251460.08 | 208086.22 | 5151710 | 324992 |
| 5 | बिहार | 501887.29 | 355459.46 | 20359013 | 155345 |
| 6 | चंडीगढ़ | 12422.81 | 10979.21 | 164241 | 9132 |
| 7 | छत्तीसगढ | 113833.06 | 82800 | 4082523 | 71751 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 8793.65 | 6466.66 | 93770 | 7051 |
| 9 | दिल्ली | 37727.38 | 22193.92 | 2776216 | 149575 |
| 10 | गोवा | 2985.77 | 2985.77 | 42653 | 225739 |
| 11 | गुजरात | 137120.75 | 132125.03 | 5511272 | 1709745 |
| 12 | हरियाणा | 96350.03 | 67021.33 | 2464486 | 2604 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 73808.17 | 55160.13 | 872058 | 0 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 165059.67 | 36497.18 | 1454668 | 201 |
| 15 | झारखंड | 116768.12 | 115451.63 | 4943098 | 290174 |
| 16 | कर्नाटक | 100494.06 | 86152.48 | 5327221 | 1511537 |
| 17 | केरल | 34847 | 17815.99 | 1854934 | 2782767 |
| 18 | लद्दाख | 12349.12 | 1489.36 | 28667 | 569 |
| 19 | लक्षद्वीप | 786.86 | 432.99 | 12587 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 372787.9 | 193928.88 | 9095629 | 101752 |
| 21 | महाराष्ट्र | 159289.59 | 90000 | 5481157 | 9753430 |
| 22 | मणिपुर | 49418.88 | 40475.7 | 212608 | 29249 |
| 23 | मेघालय | 37515.29 | 37515.29 | 438863 | 356964 |
| 24 | मिजोरम | 32308.05 | 14268.09 | 135515 | 21028 |
| 25 | नागालैंड | 28104.5 | 28104.49 | 156175 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 184107.55 | 183666.84 | 5267551 | 938874 |
| 27 | पुदुचेरी | 1987.3 | 1527.52 | 91295 | 23316 |
| 28 | पंजाब | 71906.33 | 60504.93 | 2902536 | 188500 |
| 29 | राजस्थान | 345219.75 | 213861.12 | 9250493 | 0 |
| 30 | सिक्किम | 15176.05 | 10718.96 | 79597 | 3860 |
| 31 | तमिलनाडु | 211759.9 | 210723.33 | 5042026 | 2139309 |
| 32 | तेलंगाना | 114385.92 | 114251.02 | 3009212 | 86664 |
| 33 | त्रिपुरा | 38741.08 | 28672.54 | 524284 | 26893 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 626179.97 | 381975.27 | 18018332 | 4952318 |
| 35 | उत्तराखंड | 84444.06 | 70438.94 | 942657 | 157625 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 177338.04 | 152204.21 | 15904276 | 26222 |
| | **योग** | **4449394.26** | **3215194.42** | **136204917** | **26233480** |

**अनुलग्नक III**

**"उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री अरुण कुमार सागर द्वारा दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3767 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान आवंटित धनराशि, आवंटित धनराशि का उपयोग तथा लाभार्थियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | प्रस्तावित केंद्र द्वारा जारी धनराशि (₹ लाख में) | 31.3.2024 तक केंद्र द्वारा जारी धनराशि (₹ लाख में) | नामांकन (स्रोत यूडाइज+) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सरकारी स्कूल | सरकारी सहायता प्राप्त |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 8689.60 | 5527.59 | 48792 | 1818 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 175852.87 | 128940.79 | 4050116 | 125484 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 57658.75 | 47503.50 | 187634 | 21377 |
| 4 | असम | 257810.22 | 181047.53 | 5017578 | 172353 |
| 5 | बिहार | 499123.47 | 424173.10 | 17466574 | 124583 |
| 6 | चंडीगढ़ | 13213.99 | 11636.46 | 155752 | 8657 |
| 7 | छत्तीसगढ | 115785.13 | 77659.06 | 3947170 | 69807 |
| 8 | दादरा और एन हवेली दमन और दीव | 9537.23 | 4130.25 | 93333 | 6909 |
| 9 | दिल्ली | 36892.00 | 14608.83 | 2571404 | 139244 |
| 10 | गोवा | 2426.75 | 1875.43 | 41722 | 222203 |
| 11 | गुजरात | 131673.49 | 113253.16 | 5459151 | 1631947 |
| 12 | हरियाणा | 101074.32 | 57880.25 | 2230123 | 1570 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 67218.82 | 48596.96 | 831845 | 0 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 172160.13 | 86543.89 | 1421643 | 184 |
| 15 | झारखंड | 117386.04 | 110493.28 | 4843847 | 282701 |
| 16 | कर्नाटक | 92274.51 | 82808.79 | 4985661 | 1459389 |
| 17 | केरल | 32883.07 | 14165.74 | 1801570 | 2749252 |
| 18 | लद्दाख | 18248.71 | 5222.63 | 26275 | 698 |
| 19 | लक्षद्वीप | 575.47 | 100.05 | 12591 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 384207.16 | 298151.13 | 8671760 | 94362 |
| 21 | महाराष्ट्र | 131743.28 | 100119.10 | 5325571 | 9772608 |
| 22 | मणिपुर | 48304.51 | 25721.89 | 203508 | 26569 |
| 23 | मेघालय | 39882.72 | 39418.22 | 420993 | 345289 |
| 24 | मिजोरम | 34428.64 | 27414.06 | 129068 | 20009 |
| 25 | नागालैंड | 31427.55 | 23125.34 | 141852 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 189520.26 | 123660.69 | 5209594 | 970759 |
| 27 | पुदुचेरी | 1974.29 | 1247.38 | 83737 | 22045 |
| 28 | पंजाब | 70878.25 | 33111.65 | 2823581 | 182357 |
| 29 | राजस्थान | 356025.26 | 320289.45 | 8381575 | 0 |
| 30 | सिक्किम | 15973.43 | 13260.50 | 71839 | 776 |
| 31 | तमिलनाडु | 209076.76 | 187615.54 | 4840034 | 2097347 |
| 32 | तेलंगाना | 114834.56 | 92012.79 | 2779713 | 78945 |
| 33 | त्रिपुरा | 41494.43 | 34132.90 | 508036 | 27015 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 657874.63 | 427645.15 | 15868581 | 4711804 |
| 35 | उत्तराखंड | 68630.37 | 44056.91 | 870147 | 149714 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 174579.85 | 31129.40 | 15967829 | 30066 |
| | **कुल** | **4481340.50** | **3238279.38** | **127490199** | **25547841** |

**अनुलग्नक IV**

**"उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री अरुण कुमार सागर द्वारा दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3767 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान आवंटित धनराशि एवं आवंटित धनराशि के उपयोग का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | प्रस्तावित केंद्र द्वारा जारी धनराशि (₹ लाख में) | 5.3.2025 तक केंद्र द्वारा जारी धनराशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 8484.17 | 3931.31 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 172741.31 | 49615.23 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 57658.74 | 27481.60 |
| 4 | असम | 257810.22 | 141584.26 |
| 5 | बिहार | 499123.47 | 298535.35 |
| 6 | चंडीगढ़ | 13720.64 | 11858.37 |
| 7 | छतीसगढ | 121112.26 | 47964.14 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली दमन और दीव | 9802.68 | 3905.46 |
| 9 | दिल्ली | 41104.35 | 15739.16 |
| 10 | गोवा | 2426.79 | 1523.82 |
| 11 | गुजरात | 159843.72 | 51009.60 |
| 12 | हरियाणा | 107632.86 | 26751.36 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 75850.32 | 33673.31 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 172160.13 | 41156.89 |
| 15 | झारखंड | 117386.04 | 77385.06 |
| 16 | कर्नाटक | 92274.51 | 44119.81 |
| 17 | केरल | 42091.42 | 0.00 |
| 18 | लद्दाख | 18570.84 | 13999.80 |
| 19 | लक्षद्वीप | 741.78 | 306.10 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 384207.15 | 278367.12 |
| 21 | महाराष्ट्र | 132189.99 | 76911.77 |
| 22 | मणिपुर | 48304.51 | 21182.89 |
| 23 | मेघालय | 39882.71 | 26311.88 |
| 24 | मिजोरम | 29418.87 | 21651.76 |
| 25 | नागालैंड | 28439.24 | 10440.35 |
| 26 | ओडिशा | 189520.26 | 114818.73 |
| 27 | पुदुचेरी | 1974.29 | 752.46 |
| 28 | पंजाब | 70878.25 | 48952.82 |
| 29 | राजस्थान | 356025.27 | 136462.33 |
| 30 | सिक्किम | 15337.00 | 5094.74 |
| 31 | तमिलनाडु | 215159.61 | 0.00 |
| 32 | तेलंगाना | 114834.55 | 65484.28 |
| 33 | त्रिपुरा | 41494.45 | 31120.86 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 697126.18 | 310429.71 |
| 35 | उत्तराखंड | 87712.68 | 34400.40 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 174579.86 | 0.00 |
| | **कुल** | **4597621.12** | **2072922.71** |

****